टायरों के लिए 60% रबर



कोट्टायम ◆ रबर बोर्ड की अध्यक्ष शीला थॉमस ने कहा कि भारत में कुल रबर उत्पादन में से 60% खपत टायर इंडस्ट्री में होने लगी है। शीला ने यह बात बुधवार को सीआईआई (केरल चैप्टर) द्वारा आयोजित केरल रबर सम्मेलन 2011 के उद्घाटन भाषण के दौरान कही। सीआईआई केरल चैप्टर के चेयरमैन जोस डोमिनिक ने अपने भाषण के दौरान जोर देते हुए कहा कि राज्य में मैन्यूफैक्चरिंग इंडस्ट्री का विकास किया जाना चाहिए, ताकि उपलब्ध संसाधनों और बाजार के अवसर को भुनाया जा सके। कच्चे माल के रूप में केरल में रबर प्रचुर मात्रा में आसाना से सुलभ है। (एजेंसी)